**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh Shankar Nagar, Raipur**

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्,छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

क्रमांक / SCERT/NIOS/परीक्षा / 2019 / 835 रायपुर, दिनांक 08.03.2019

**प्रति,**

1.समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
2.समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
3.समस्त अध्ययन केन्द्र, SCERTCG- NIOS
4.समस्त परीक्षा केन्द्र, D.El.Ed. परीक्षा केन्द्र - NIOS

**विषयः–** NIOS द्वारा D.El.Ed. चतुर्थ परीक्षा 15–16 मार्च 2019 के संबन्ध में आवश्यक निर्देश।

**संदर्भः–** NIOS का पत्र क्र. F-4-1/2019/NIOS/Eval./490 10 January, 2019.

---000---

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा 15 मार्च एवं 16 मार्च 2019 को प्रारंभिक विद्यालयों में अप्रशिक्षित शिक्षकों हेतु D.El.Ed. द्वितीय वर्ष के दो प्रश्न पत्रों की सैद्धांतिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के संबंध में निर्देश –

1. दूरस्थ माध्यम से संचालित डी.एल.एड. पाठ्यक्रम हेतु दिनांक 7 अक्टूबर 18 से 23 नवम्बर 18 तक प्रश्न पत्र 506 से 510 तक के लिये 15 दिवस की संपर्क कक्षाओं का आयोजन किया गया है।
2. नियमानुसार कम उपस्थिति के कारण वंचित प्रशिक्षार्थियों हेतु डाईट में मॉडल स्टडी सेंटर की स्थापना की गई है एवं प्रशिक्षार्थियों हेतु 25 फरवरी 2019 से 11 मार्च 2019 के मध्य अतिरिक्त सम्पर्क कक्षाओं का आयोजन किया गया है। अध्ययन केन्द्रों को मॉडल स्टडी सेंटर में प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति को शामिल करते हुए समस्त अध्ययन केन्द्र प्रभारी सुनिश्चित करें कि आपके केन्द्र से 75 प्रतिशत (अर्थात् 15 दिवस संपर्क कक्षाओं में से 11 दिवस कक्षाओं) से कम उपस्थिति की सूची अपने परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध करावें। सैद्धांतिक परीक्षा हेतु कार्यशाला आधारित गतिविधि (WBA) में उपस्थिति को गणना में नहीं लिया जायेगा।
3. किसी अध्ययन केन्द्र से कम उपस्थिति की सूची परीक्षा केन्द्राध्यक्ष को प्राप्त नहीं होती है तो इसका अर्थ होगा कि उस अध्ययन केन्द्र में सभी परीक्षार्थियों की उपस्थिति 11 दिवस से अधिक है।
4. कई प्रशिक्षार्थियों द्वारा 509/510 असाईनमेंट एक विषय में जमा किया है परंतु हाल टिकट में अन्य विषय प्रिंट हो गया है। ऐसी स्थिति में संबंधित प्रशिक्षार्थी अपने अध्ययन केन्द्र से प्रमाणित करायें कि उन्होने किस विषय में असाईनमेंट जमा किया है।
5. परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को निर्देशित किया जाता है कि प्रशिक्षार्थियों को 509/510 में उस विषय में सैधांतिक परीक्षा के प्रश्न पत्र उपलब्ध करायें जिसमें प्रशिक्षार्थी द्वारा असाईनमेंट जमा किया गया है।
6. परीक्षा केन्द्र में कम उपस्थिति की सूची जमा करने के बाद भी यदि परीक्षा केन्द्राध्यक्ष परीक्षार्थियों को सैद्धांतिक परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति देते हैं तो संबंधित जिले के कलेक्टर को अवगत करायें एवं इसकी प्रतिलिपि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान व राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् को भी उपलब्ध करायें।
7. समस्त परीक्षा केन्द्राध्यक्ष प्रश्न पत्र के कस्टोडियन (जिला मजिस्ट्रेट अथवा उनके नामित प्रतिनिधि) से मिलकर प्रश्न पत्रों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें यदि प्रश्न पत्र कम हो तो तत्काल क्षेत्रीय

निदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान रायपुर से **मो.न. 9584808284, 9009962970 एवं 9910224470** पर संपर्क करें।

8. समस्त परीक्षा केन्द्राध्यक्ष सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त संस्था में उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हो गई है। यदि दिनांक 12.03.2019 तक पर्याप्त उत्तर पुस्तिका उपलब्ध नहीं होने पर तत्काल क्षेत्रीय निदेशक NIOS रायपुर से संपर्क करें व उत्तर पुस्तिका डाइट के सहयोग से प्राप्त करें।
9. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ के वेबसाइट http://scert.cg.gov.in में परीक्षा से संबंधित विस्तृत निर्देशों का पालन करें।
10. प्रत्येक 40 छात्रों पर दो पर्यवेक्षक नियुक्त किये जायें।
11. प्रश्न पत्र वितरण के तुरंत बाद परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र में रोल नम्बर लिखने का निर्देश दें।
12. किसी भी परीक्षार्थी को आधे घंटा से अधिक विलम्ब होने पर परीक्षा हेतु अनुमति न दें।
13. परीक्षार्थी को एक घंटे तीस मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति न दें।
14. प्रत्येक परीक्षार्थी को केवल एक उत्तर पुस्तिका दी जायेगी, पूरक उत्तर पुस्तिका का प्रावधान नहीं है। अतः परीक्षार्थी को परीक्षा आरंभ के समय ही सूचित कर दें।
15. **उपस्थिति पत्रक की कुल तीन प्रतियाँ बनाये, प्रथम प्रति उत्तर पुस्तिका के साथ रखें, दूसरी प्रति अपने पास सुरक्षित रखें एवं तीसरी प्रति कार्यालय में समस्त बिल एवं वाऊचर के साथ जमा करें। अप्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं को परीक्षा केन्द्र पर ही सुरक्षित रखें एवं उत्तरपुस्तिका का रिकार्ड उचित रूप से रखें ।**
16. मार्च 2019 की परीक्षा हेतु परीक्षार्थी के पास NIOS द्वारा जारी किया गया हाल टिकट (Hall Ticket) होना अनिवार्य है। यदि कोई परीक्षार्थी NIOS द्वारा जारी किया गया हाल टिकट (Hall Ticket) प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है तो उसे परीक्षा हेतु अनुमति नहीं दिया जाना है।
17. परीक्षा प्रारम्भ होने के आधा घंटा पश्चात WhatsApp No. 8448691687 नम्बर पर प्रतिदिवस निम्न जानकारी अवश्य उपलब्ध करायें ।

    परीक्षा केन्द्र का कोड : परीक्षा केन्द्र का नाम :
    दर्ज संख्या : उपस्थित संख्या :
18. यदि किसी कारणवश डाकघर से उत्तर पुस्तिकाएँ उसी दिन न भेजी जा सके, तो उसे स्थानीय पुलिस थाने में रखा जाना है। इस हेतु थाना प्रभारी को इस पत्र के संदर्भ में पूर्व में ही सूचित कर दें।
19. जिन प्रशिक्षार्थियों के 509/510 में बदलाव हुए है उन्हें सलाह दी जाती है कि वे एस.सी.ई.आर.टी. के वेबसाईट में उपलब्ध गूगल फार्म में इसकी जानकारी ( प्रशिक्षार्थियों के द्वारा) दिया जाये।

(डॉ. सुनीता जैन)
अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक / SCERT/NIOS/परीक्षा / 2019 / 836 रायपुर, दिनांक 08.03.2019

प्रतिलिपि

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु।
3. सचिव, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नोएडा।
4. निदेशक, (मूल्यांकन) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नोएडा।
5. कलेक्टर, जिला– ................................... को सूचनार्थ।
6. पुलिस अधीक्षक, जिला – ............................... को आवश्यक सहयोग हेतु।
7. क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, रायपुर।
8. थाना प्रभारी, थाना ....... को सीलबन्द उत्तर पुस्तिका के पैकेट थाने में सुरक्षित रखने हेतु।

अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छत्तीसगढ़